INDIA NON JUDICIAL

IN-UP47925607941207W

Government of Uttar Pradesh

सत्यमेव जयते

e-Stamp

ACC-SHANI KUMAR
STAMP VENDOR LICENCE No- 82
ACC ID- UP14855704
Mob-6396881796, 8384879530
GATE No-3 CIVIL COURT AGRA

Certificate No.	:	**IN-UP47925607941207W**
Certificate Issued Date	:	29-Jan-2024 04:54 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14708904/ AGRA SADAR/ UP-AGR
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14708904919831485998 50W
Purchased by	:	E NOTARIAL TICKET
Description of Document	:	Article 42 Notarial Act
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	E NOTARIAL TICKET
Second Party	:	NOTARY ADVOCATE
Stamp Duty Paid By	:	E NOTARIAL TICKET
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	10 (Ten only)

सत्यमेव जयते

₹10

IN-UP47925607941207W

Please write or type below this line

HIMALAYA PARASHAR NOTARY Govt. of India Reg No 1965

06/02 30-01-24

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

APES/APPCD/Name Change/2023-24/121 Date: 20.12.2023

प्रस्ताव

आज दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को **आगरा पब्लिक एजूकेशनल सोसाइटी** की प्रबन्ध समिति के सदस्यों की बैठक समिति के कार्यालय 10, पुरानी विजय नगर कॉलोनी, आगरा में सायं 4:00 बजे आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता श्री महेशचन्द्र शर्मा ने की । तदोपरान्त बैठक में निम्न एजेण्डा पर विचार किया गया ।
बैठक का कोरम पूर्ण होने के कारण आगे की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई।

एजेण्डाः–1 आगरा पब्लिक फार्मेसी कॉलेज ऑफ डिप्लोमा का नाम परिवर्तित कर आगरा पब्लिक कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेण्ट करने पर विचार।

विचारणीय बिन्दु प्रथम :– समिति के प्रबन्धक श्री अभिनव शर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया कि पूर्व में आयोजित हुई बैठक में बी०फार्म० पाठ्यक्रम की सम्बद्धता लाने की जिम्मेदारी श्री अमित तिवारी एवं श्री सुरेन्द्र मोहन को दी थी उक्त दोनों सदस्यों ने समिति के सदस्यों के सामने प्रस्ताव रखा कि हमने बी०फार्म० पाठयक्रम की सम्बद्धता लाने की प्रक्रिया शुरु कर दी है किन्तु भविष्य में अन्य पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता के बारे सोचते हुए हमें अपने संस्थान का नाम परिवर्तित करने पर विचार करना चाहिए जिससे कि डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों को एक ही संस्थान के अन्दर प्रदर्शित किया जा सकें एवं इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए हमें अपने संस्थान आगरा पब्लिक फार्मेसी कॉलेज ऑफ डिप्लोमा का नाम परिवर्तित कर **आगरा पब्लिक कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेण्ट** कर देना चाहिए उक्त बिन्दु पर उपाध्यक्ष श्री अनिकेत शर्मा ने प्रस्ताव रखा, क्योंकि भविष्य में भारत सरकार नई शिक्षा नीति को पूर्ण रुप से लागू करने पर विचार कर रही है जिसमें संस्थान के पास एक से अधिक पाठ्यक्रम का विकल्प होना चाहिए एवं उसकी सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु प्रयास करना चाहिए। इस प्रस्ताव का समर्थन श्री गोविन्द उपाध्याय ने किया और सदस्यों को बताया कि आजकल विद्यार्थियों का रुझान व्यवसायिक एवं तकनीकि पाठ्यक्रमों की तरफ अधिक है नई शिक्षा नीति को ध्यान मे रखते हुए एवं संस्थान मे एक से अधिक पाठ्यक्रमों की भविष्य मे सम्बद्धता को देखते हुए अपने संस्थान का नाम परिवर्तित कर **आगरा पब्लिक कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेण्ट** कर देना चाहिए। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस एजेण्डा पर विचार मंथन करने के पश्चात अपनी सहमति प्रदान कर दी तथा निर्णय लिया कि संस्थान का नाम **आगरा पब्लिक कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेण्ट** में परिवर्तित करने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायें और प्रबन्धक महोदय ने आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने की जिम्मेदारी सदस्य श्री अमित तिवारी एवं श्री अमित चौधरी को सौंप दी है।

अन्त में समिति के समक्ष कोई अन्य प्रस्ताव नहीं होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने बैठक समाप्ति की घोषणा कर दी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम, पद एवं हस्ताक्षर

क्र0सं0	सदस्यों के नाम	पद	हस्ताक्षर
1	श्री महेशचन्द्र शर्मा	अध्यक्ष	MCS
2	श्री अनिकेत शर्मा	उपाध्यक्ष	[signature]
3	श्री अभिनव शर्मा	प्रबंधक / सचिव	[signature]
4	श्री गोविन्द उपाध्याय	उपसचिव	[signature]
5	श्री सुरेन्द्र मोहन	कोषाध्यक्ष	[signature]
6	डॉ0 डी0सी0 गोयल	सदस्य	DCGoyal
7	श्री अमित चौधरी	सदस्य	[signature]
8	श्री अनुपम कुमार	सदस्य	Anupam kumar
9	श्री अमित तिवारी	सदस्य	[signature]
10	श्रीमती अनीता कपूर	सदस्य	Anita kapoor.
11	श्री सुभाष चन्द्र	सदस्य	[signature]
12	श्री एस0पी0 शर्मा	सदस्य	SPsharma

ATTESTED
HIMALAYA PARASHAR
Advocate
Gazetted Officer
Civil Court AGRA